

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक123 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 19 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

सकल हिन्दु समाज ने अयोध्याजी के लिये रवाना किया 300 क्विंटल चाँवल

सिवनी यशो :- सिवनी जिला राईस मिल एसोसिएसन एवं सकल हिन्दु समाज द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिये 300 क्विंटल एच एम टी चांवल भेंट स्वरूप गुरूवार को मठ मंदिर प्रांगण से एक ट्रक को सजा कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक, विभाग कार्यवाह सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने आमजनों के साथ बाजे गाजे के साथ अयोध्या के लिये रवाना किया ।

मठ मंदिर प्रांगण में उपस्थित संघ के पदाधिकारी एवं हिन्दु समाज के उपस्थित जन समूह ने श्रद्धा पूर्वक ट्रक में चाँवल को भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या के लिये रवाना किया । ट्रक को धर्मध्वाजा के साथ सजाया गया और मठ मंदिर से बाजे गाजे और आतिबाजी के साथ रामधुन के साथ शोभायात्रा के रूप में निकाला गया यह शोभायात्रा मठ मंदिर से छिंदवाड़ा चौक, महावीर मढ़िया, शंकर मढ़िया, लक्ष्मी नारायण मंदिर होते हुये अयोध्या के लिये रवाना हुआ । इस अवसर पर राईस मिलर्स और व्यापारीगण भी उपस्थित रहे ।

अयोध्या के लिये चांवल का ट्रक रवाना करते समय उपस्थित राईस मिलर्स के सदस्यों ने कहा कि भगवान श्रीराम के दरबार में सिवनी जिले के समस्त हिन्दु समाज की ओर से यह भेंट पहुँच रही है यह हमारे जिले के लिये सौभाग्य का विषय है ।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बहुमान में जगमगाएंगे जैन धर्मस्थल

राम मंदिर निर्माण के संघर्ष एवं सफलता के दोनो दौर देखने वाली भाग्यवान है वर्तमान पीढ़ी - डी.एन.

सिवनी यशोः- दिनांक 22 जनवरी 2023 को अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान की हम वह भाग्यशाली पीढ़ी है जिसने राम जन्म भूमि पर राम मंदिर के निर्माण के लिए संघर्ष एवं सफलता के दोनो ही दौर देखे निश्चित रूप से हमे इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस सफलता के पीछे अनेक संघर्ष एवं बलिदान की गाथा नींव के पत्थर के रूप में दबी हुई है। वर्तमान नेतृत्व चाहे वह राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी हो, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी हो या उत्तरप्रदेश में सुशासन की स्थापना करने वाले मु यमंत्री योगी जी हो सभी महामना बधाई एवं शुभकामनाओं के पात्र है जिनके

कार्यकाल में मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा का यह महान उपक्रम पूर्ण होने जा रहा है।

इन ऐतिहासिक हर्ष के क्षणों में सिवनी नगर स्थित सकल जैन समाज के क्रमशः दिगंबर श्वेतांबर,एवं तारण तरण जैन समाज के संयुक्त निर्णय अनुसार अपने सभी धर्मस्थल जिनमे श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर,छोटा जैन मंदिर, गुरुकुल जैन मंदिर,श्वेतांबर जैन मंदिर एवं तारण तरण जैन चैत्यलय में विद्युत झालर एवं दीप मालिकाओ से रोशनी कर प्रभु राम के इस महाउत्सव के परोक्ष साक्षी बन मंगल अनुमोदना करेंगे। उक्त विचार व्यक्त कर श्वेतांबर जैन समाज के सचिव संजय मालू ने कहा कि यही नहीं समाज के सभी घरों और प्रतिष्ठानों में भी पारंपरिक रंगोली व दीपमालिकाओं के माध्यम से रोशनी करी जाएगी।

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं तारण तरण जैन समाज से सुजीत जैन ने बताया कि भगवान राम किसी पंथ विशेष के नहीं अपितु जन जन के आदर्श है। अरिहंत वीतराग केवली परमात्मा के रूप में जैन धर्म में उनकी उपासना की जाती है।

उल्लेखनीय है पद्मपुराण जैन ग्रंथ में उनका स पूर्ण जीवन चरित विस्तार से मिलता है।

जिला भाजपा ,दिगंबर जैन समाज एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सुदर्शन बाझल ने बताया कि राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट, विहिप,बजरंगदल द्वारा जैन धर्म के धर्मगुरू जनों को उक्त मांगलिक समारोह पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रण दे बहुमान प्रगट किया गया है।

आचार्य श्री विद्यासागर, विशुद्धसागर, सुधासागर,प्रमाणसागर, अतिवीर सागर, गणिनी आर्यिका ज्ञानमति माताजी, भट्टारक रविंद्रकीर्ति स्वामी,चारुकीर्ति स्वामी,डॉ टर वीरेंद्र हेगड़े धर्मस्थल आदि अनेक संतो एवं मनीषियों को सस मान आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया है।

श्री राम , पांच तीर्थकर भगवान एवं चक्रवर्ती भरत भगवान की जन्मभूमि अयोध्या के उक्त समारोह में गणिनी ज्ञानमति माताजी वर्तमान में विराजित है उनके आशीर्वाद से भट्टारक रविंद्रकीर्ति जी द्वारा सकल जैन समाज की और से पूरे 8 दिनों तक आगंतुक लगभग 5 से 7 हजार श्रद्धालुओ को पारंपरिक सात्विक निशुल्क वात्सल्य भोज कराया जाएगा।

सकल जैन समाज की और से नरेश दिवाकर, जय कुमार जैन सीनियर एडवोकेट प्रकाश नाहटा,मिलन बाझल,संजय नायक, यशोधर दिवाकर,सुजीत जैन, प्रभात सेठ,पंडित संतोष जैन,प्रफुल्ल बंटी, विपनेश जैन, पंकज जैन एडवोकेट,अभय जैन,सुबोध बाझल,आलोक मालू,अतुल मालू,पारस जैन, आनन्द जैन,सुनील सेठ,संजय लोढ़ा,डॉ टर अपूर्व, आलोक जैन,मनोज बाझल,सिद्धार्थ जैन,तरुण जैन,प्रभात वीडी, आदि ने श्री राम के आदर्शों के साथ सारे नगर के वातावरण को राममय करने की अपील की है।

राजस्व महाभियान की कले टर ने समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से प्रदेश शासन द्वारा 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक राजस्व महाभियान चलाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में कले टरक्षितिज सिंघल ने गुरूवार 18 जनवरी को कले ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर महाभियान अंतर्गत राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन श्री हिमांशु जैन, अपर कले टर श्री सीएल चनाप, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य सभी राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति रही।

कले टर श्री सिंघल ने महाभियान अंतर्गत अनुभागवार अब तक किए गए कार्यो की समीक्षा की, उन्होंने नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराने, ने शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग, ने सा शुध्दिकरण, फौती नामांतरण, सीमांकन, गिरदावरी पोर्टल, बटवारा, उत्तराधिकार नामांकन, आरसीएम में लंबित प्रकरणों सहित आमजनों की राजस्व से संबंधित समस्याओं के निराकरण एवं की गई कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने उक्त सभी कार्यो को शासन की मंशानुरूप महाभियान अंतर्गत समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने 31 दिस बर 2023 की स्थिति में समय-सीमा लंबित नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरुस्ती जैसे प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को न्यायालय में नियमित सुनवाई कर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

पीएम यशस्वी योजना अंतर्गत अब आवेदन 31 जनवरी तक

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण सिवनी द्वारा बताया गया कि ओबीसी, ईबीसी, डीएनटी वर्ग के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए भारत सरकार की ÷पीएम यशस्वी योजना÷ अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन एन.एस.पी पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। आवेदन की अंतिम तिथी 5 जनवरी 2024 निर्धारित की गई थी जिसे भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आवेदन करने की अंतिम दिनांक 31.01.2024 कर दी गई है। पात्र विद्यार्थी योजना का लाभ लेने आवेदन कर सकते है। सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालय के प्राचार्य विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान करेंगे। पात्रता संबंधी जानकारी एन. एस.पी पोर्टल पर उपलब्ध है। पात्र विद्यार्थियों निर्धारित समय सीमा में आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

कले टर ने ली नगर पालिका कर्मचारियों की बैठक, अनुपस्थित कर्मचारियों को किया अवैतनिक

सिवनी यशोः- गुरूवार 18 जनवरी को सिवनी जिला कले टर क्षितिज सिंघल द्वारा नगर पालिका के वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक ली गई जिसमें नगर की स्वच्छता, नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं विस्तार से चर्चा की गई। विदित होवें कि कले टर महोदय द्वारा प्रतिदिन सुबह नगर में भ्रमण किया जाकर स्वच्छता का जायजा लिया जा रहा है, इसके साथ ही कमियों को देखकर उन्हे सुधारने के आदेश दिये गये है । कले टर महोदय के साथ बैठक में सीएमओ आर.के.कुर्वेती, सिटी मिशन मैनेजर प्रवीण तिवारी, उपयंत्री विकास मेहरा, बिंदेश्वरी पंद्रे, स्वच्छता निरीक्षक के.के. रजक, सहित वार्ड पर्यवेक्षक उपस्थित हुए वहीं बैठक में अनुपस्थित एवं बिलंब से आये 03 वार्ड पर्यवेक्षकों को 01 दिवस के लिये अवैतनिक करने के निर्देश दिये।

तदोपरांत कले टर महोदय नगर में स्वच्छता का निरीक्षण करते हुए नगर पालिका के फिल्टर कार्यालय पहुंचे एवं समय पर अपने कार्य पर उपस्थित न होने वाले 04 टिप्पर वाहन चालकों को अवैतनिक करने के निर्देश सीएमओ को दिये गये। इसके पश्चात् कले टर महोदय द्वारा कचरा डंपिंग ग्राउंड छिडिया पलारी का निरीक्षण किया गया एवं वहां पायी गई कमियों को दुरूस्त करने के दिशा निर्देश नगरपालिका अधिकारियों को दिये।

इसके साथ ही नगरपालिका सीएमओ आर.के.कुर्वेती द्वारा नगर की जनता एवं समस्त वार्ड वासियों से अपील की गई है कि नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें घरों से निकलने वाले कचरा को सड़को एवं नालियों में न फेंका जावे। कचरा गाडी प्रतिदिन वार्डों में भ्रमण करती है उसमें ही कचरा डाला जावे अन्यत्र स्थानों पर कोई भी नागरिकगण कचरा फेंकते पाया जाता है तो नगरपालिका सिवनी द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

सिद्ध हनुमान मंदिर मुंगवानी का द्वितीय पाटोत्सव 22 को

सिवनी यशोः- नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज महाराजबाग निवासी मीडिया जगत से जुड़े दिनेश ठाकुर के ब्रह्मलीन पुत्र कार्तिकेय ठाकुर की स्मृति में बंडोल थानांतर्गत अमरवाड़ा मार्ग पर स्थित ग्राम मुंगवानी में सेवा सहकारी समिति मुंगवानी परिसर के ठीक बाजू में भगवान श्री महाबली हनुमान जी महाराज का मंदिर निर्माण एवं महाराज श्री की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विगत दिनाँक 22/01/2022 को भव्य धार्मिक माहौल उत्साह व उल्लास के स पन्न हुआ था। इसी धार्मिक स्थल पर आगामी दिनाँक 22/01/2024 (सोमवार) को सिद्ध हनुमान मन्दिर मुंगवानी में श्री भगवान महाबली हनुमान जी महाराज के द्वितीय पाटोत्सव समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्राम सिंघौडी निवासी पुरोहित पंडित हरिप्रसाद मिश्रा द्वारा अभिषेक, हवन पूजन, सत्यनारायण कथावार्ता, हवन एवं पूर्णाहुति सहित अन्य समस्त प्रकार अनुष्ठान किये जायेंगे।कार्यक्रम उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा, मन्दिर समिति अध्यक्ष जोगेश ठाकुर द्वारा समस्त श्रद्धालुओं भक्तजनों से इस धार्मिक पाटोत्सव कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी



उपस्थिति दर्ज कराने पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर होंगे भव्य आयोजन

सिवनी विधायक दिनेश राय के सानिध्य में राम खिचड़ी के वितरण सहित अनेक कार्यक्रम होंगे संपन्न

सिवनी यशोः- आगमी 22 जनवरी को अयोध्या की पावन भूमि पर भगवान श्री राम लला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के अवसर भगवान शिव की नगरी सिवनी मे अनेकों धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का गरिमामयी आयोजन किया जायेगा ।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री राम मंदिर सुंदर काण्ड एवं श्री बालरुप हनुमान मंदिर समिति ने बताया कि अयोध्या की पवित्र भूमि पर आगामी 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भगवान शिव की नगरी सिवनी मे 21 जनवरी को श्री राम मंदिर शुक्रवारी मे भक्त जनों द्वारा 11 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ, प्रसाद वितरण एवं द्वीप प्रज्वलित किये जावेगें। इसके पश्चात 22 जनवरी को श्री राम मंदिर मे पुनः दीप प्रज्वलित, आसमान पर रंग-बिरंगी छटा बिखेरती आतिशबाजी एवं संध्या 05:00 बजे से श्री राम मंदिर मे राम खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जायेगा, तथा संध्या 07:00 बजे से शुक्रवारी चौक मे प्रभु श्री राम जी की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य महाआरती व कलाकारों द्वारा धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को बालरुप हनुमान मंदिर समिति द्वारा मंदिर प्रांगण मे महाप्रसाद वितरण तथा दोपहर 12:30 बजे श्री रामदल समिति द्वारा कौशल्या नंदन प्रभु श्री राम की महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण, इसी तरह नगर के टैगोर वार्डस्थित प्राचीन सूर्य मंदिर एवं श्री सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट पलारी टेकरी मे संख्या के समय राम खिचड़ी का वितरण किया जायेगा। इसके अलावा श्री बालरुप हनुमान मंदिर मे हनुमान द्वार, दुर्गा चौक में श्री माता राजराजेश्वरी द्वार एवं प्राचीन सूर्य मंदिर मे प्रवेश द्वार निर्माण का विधि-विधान से भूमि पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही श्री लक्ष्मी इंटरप्राइजेज के श्री सजल शर्मा, संदेश राठौड़ व मित्र मंडली की द्वारा 11 फिट की अगरबत्ती लेकर डूंडा सिवनी से श्री राम मंदिर शुक्रवारी पहुंचेंगे। जिसे प्रज्वलित किया जाएगा। समितियों द्वारा जारी विज्ञप्ति मे आगे बताया गया कि नगर मे आयोजित उक्त सभी कार्यक्रम सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के सानिध्य मे संपन्न किये जावेगें।

उक्त पावन अवसर पर नगर की श्री राम मंदिर, श्री रामदल, श्री बालरुप हनुमान मंदिर, श्री सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट, सूर्य मंदिर, महाकाल समिति द्वारा समस्त भक्तजनों से कार्यक्रमों सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है।

रामकथा एवं शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा आयोजन की तैयारियां पूर्ण

सिवनी यशोः- जहाँ एक ओर पूरे देश मे राम मय वातावरण हो गया है, वही शिव की नगरी सिवनी मे राम जी के साथ साथ शिवजी की भी आराधना प्रार भ है। इसी क्रम मे नगर के बरघाट रोड स्थित मोती महल लॉन में आगामी 20, 21 एवं 22 जनवरी 2024 को तीन दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। साथ ही बरघाट नाका के पास स्थित मोतीनाला तट पर श्री नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है एवं दिनांक 20 जनवरी को भगवान नर्वदेश्वर शिवलिंग एवं श्रीराम कथा वाचक अतुल रामायणी जी की शोभा यात्रा का नगर भ्रमण किया जायेगा।



इस कार्यक्रम की शोभायात्रा का मार्ग लक्ष्मी नारायण मंदिर से शोभा यात्रा के रूप में प्रारंभ होकर नेहरू रोड काली चौक होते हुए मोती महल लॉन पहुंचेगी। शोभा यात्रा के पश्चात मोतीमहल लॉन में कथा वाचक श्री अतुल रामायणजी के मुखारविंद से दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीरामकथा होगी। दिनांक 22 जनवरी को हवन, पूजन ,प्राण -प्रतिष्ठा एवं भंडारा स पन्न होगा।

इन दोनो कार्यक्रमों को लेकर मंदिर व आयोजन समिति ने तैयारी पूर्ण कर ली है समिति के प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर द्वारा समस्त धर्म प्रेमी जनों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक सं या में पहुंचकर आगामी होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में सहयोग प्रदान करें।

जबरन नॉलेज

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान क्रियान्वयन (पीएम-जनमन) की स्वीकृति

विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में नए आंगनवाड़ी केन्द्रों, छात्रावासों, बहुउद्देश्यीय केंद्रों, सड़कों और आवास निर्माण की स्वीकृति

नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय, आगर-मालवा के लिए 30 नवीन पदों की स्वीकृति

मु यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों के 23 जिलों में नए आंगनवाड़ी केन्द्रों, छात्रावासों, बहुउद्देश्यीय केंद्रों, सड़कों और आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई। मंत्रि-परिषद द्वारा ÷सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0÷ योजना अंतर्गत विशेष जनजाति क्षेत्रों में पीएम-जनमन कार्यक्रम हेतु 194 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन हेतु स्वीकृति दी गई है। भवनों का निर्माण जनजातीय परिवेश आधारित डिजाईन अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा किया जावेगा। विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों के ऐसे मजरे टोले जिनकी जनसं या 100 या अधिक है और जहाँ आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं है, वहाँ नए केन्द्र खोले जाएंगे। आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन पर कुल 15 करोड़ 70 लाख रूपयों का व्यय स्वीकृत किया गया हैं। इस तरह 194 आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन के लिए वर्ष 2023-24 में राशि 1 करोड़ 43 लाख रूपये केंद्रांश एवं राशि रूपये 3 करोड़ 93 लाख राज्यांश, कुल राशि प्रतिवर्ष 5.36 करोड़, एवं वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 में प्रतिवर्ष क्रमशः राशि एक करोड़ 32 लाख रूपये केंद्रांश एवं राशि रूपये 3 करोड़

85 लाख रूपये राज्यांश, कुल राशि प्रतिवर्ष 5 करोड़ 17 लाख रूपये व्यय भार इस प्रकार कुल राशि 15 करोड़ 70 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में छात्रावास के लिए 384 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा ÷प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान÷ पीएम-जनमन योजना में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों के बाहुल्य बसाहटों में निवासरत परिवार के बच्चों के लिये गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुविधा के साथ समग्र विकास के लिये 20 जिलों की 55 स्थानों पर 110 बसाहटों के निकट बालक और बालिकाओं के लिये पृथक-पृथक छात्रावास निर्माण किये जाने का निर्णय लिया हैं। इस कार्य के लिए कुल 384 करोड़ 6 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई हैं।

विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य जिलों में बहुउद्देशीय केन्द्र निर्माण का सैद्धांतिक अनुमोदन

मंत्रि-परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 से पीएम-जनमन अन्तर्गत प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य जिलों में 60 लाख रूपये प्रति केन्द्र की लागत वाले बहुउद्देशीय केन्द्र के निर्माण करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया। विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में अलग-अलग 11 गतिविधियों के लिए मध्यप्रदेश में 125 बहुउद्देशीय केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार ने दी हैं। केन्द्र निर्माण के लिए शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता भारत सरकार द्वारा दी जायेगी। प्रत्येक केन्द्र निर्माण के लिए 2200 वर्गफीट भूमि की आवश्यकता होगी। इसमें से 1605 वर्गफीट भूमि पर भवन का निर्माण किया जायेगा। भूमि आवंटन का कार्य जिला कले टर द्वारा किया जायेगा।

बैगा, सहरिया एवं भारिया जनजातियों की बसाहट में सड़क संपर्क एवं आवास निर्माण का सैद्धांतिक अनुमोदन

मंत्रि-परिषद ने पीएम-जनमन योजना में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित किये जाने वाली योजना बैगा, सहरिया एवं भारिया जनजातियों की बसाहट में सड़क संपर्क एवं आवास निर्माण हेतु नवीन योजना का सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया हैं। विशेष पिछड़ी जनजातियों की मात्र100 तक की जनसं या वाले गांवों को भी पक्की सड़क से जोड़ा जायेगा। कुल 981 संपर्क विहिन बसाहटों में 2403 किलोमीटर ल बाई के 978 मार्ग एवं 50 पुल बनाये जायेंगे। इस कार्य के लिए 3 वर्षों में 2354 करोड़ रूपये का निवेश किया जाएगा।

विशेष पिछड़ी जनजातीय बहुल क्षेत्रों में आवास निर्माण स्वीकृति के तहत प्रति हितग्राही आवास निर्माण के लिये 2 लाख रूपये दिये जायेंगे। मनरेगा से अकुशल श्रमिक की 90/95 दिवस के बराबर 27 हजार रूपये की राशि और स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय निर्माण के लिये 12 हजार रूपये दिये जायेंगे। इससे प्रदेश में 1 लाख से अधिक लक्षित हितग्राही परिवार लाभांवित होंगे। सड़क एवं आवास निर्माण के लिए कुल 4604 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है।

नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय, आगर-मालवा के लिए 30 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय, आगर-मालवा प्रारंभ किये जाने के लिए शैक्षणिक संवर्ग के 22 तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के 8 इस प्रकार कुल 30 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति दी हैं। इस के लिए आवर्ती व्यय भार रूपये एक करोड़ 99 लाख 50 हजार रूपये प्रतिवर्ष एवं अनावर्ती व्यय 20 लाख रूपये की स्वीकृति दी हैं।

औद्योगिक विकास निगम के विद्युत वितरण लाईसेंस को संशोधित करने का निर्णय

मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदापुरम में मोहासा-बाबई क्षेत्र की 227.54 एकड़ भूमि पर बिजली एवं नवकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण क्षेत्र स्थापना के लिए विद्युत वितरण लाईसेंस को संशोधित करने का निर्णय लिया हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा नवंबर, 2022 में मोहासा-बाबई क्षेत्र की 227.54 एकड़ भूमि पर बिजली एवं नवकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण क्षेत्र स्थापना की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए 371 करोड़ 15 लाख रूपए का अनुदान भारत सरकार ने प्रदान किया है। मोहासा बाबई, जिला नर्मदापुरम को इंडस्ट्रियल टाउनशिप घोषित किया गया है। इस क्षेत्र के लिए विद्युत वितरण हेतु औद्योगिक विकास निगम को पृथक डिस्ट्रिब्यूशन लाईसेंस प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया है।

अन्य निर्णय- मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2023 में संशोधन की स्वीकृति दी हैं।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण- प्रतिष्ठा के पूर्व मध्यप्रदेश में उत्साह का वातावरण

संस्कृति विभाग ने विविध गतिविधियों की रूपरेखा बनाकर किया अमल

भोपाल। भारतीय समाज में उच्च जीवन मूल्यों के प्रतीक भगवान श्रीराम के अयोध्या में दिव्य मंदिर में प्राण- प्रतिष्ठा के पूर्व मध्यप्रदेश में उत्साह का वातावरण बना है।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय गर्व के प्रतीक भगवान श्रीराम के मंदिर के गर्भ गृह में प्राण- प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या जा रहे प्रदेश के यात्रियों स्वागत और विभिन्न रेलों के प्रस्थान होने पर समारोह पूर्वक पुष्पवर्षा का निर्णय लिया था। इसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर व्यवस्था की गई है। प्रदेश के शहरों और ग्रामों में रोशनी और प्राण- प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को हर घर दीप जलाने की तैयारी की गई है। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसमें गायन, कथावाचन, राम रक्षा स्त्रोत, रामचरितमानस पाठ भी हो रहे हैं। विभिन्न स्पर्धाएं हो रही हैं। इसके पुरस्कृत प्रतिभागी गणतंत्र दिवस के दिन जिला मु यालयों में स मानित किए जाएंगे। संस्कृति विभाग की जनजातीय लोक कला और बोली विकास अकादमी ने प्रदेश के श्रीराम मंदिरों का सर्वेक्षण किया है। पुस्तक 'श्रीराम महात्य और महिमा' भी प्रकाशित की गई है।

पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों की श्रंखला

मध्यप्रदेश में उज्जैन में त्रिवेणी कला संग्रहालय में तीन दिवसीय श्री लीला समारोह स पन्न हो चुका है। ऐसे ही कार्यक्रम मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर, रतलाम के कालीका माता मंदिर, नलखेला, सलकनपुर सीहोर, देवास के माता मंदिरों और छिंदवाड़ा के जामसांवली, सतना के चित्रकूट, टीकमगढ़ के कुण्डेश्वर, पन्ना के सलेहा और छतरपुर के खजुराहो में भी हुए हैं। कार्यक्रमों की श्रंखला के अंतर्गत दतिया, ओरछा, ग्वालियर,रामवन सतना, देवतालाब रीवा, मऊगंज, मैहर, नागौर सतना, सिंग्रामपुर, नोहटा, तेंदूखेड़ा और दमोह में भी सांस्कृतिक आयोजन हो रहे हैं। प्रदेश में आस्था और संस्कृति के प्रचार-प्रसार और दिव्य वातावरण निर्माण के लिए जिलों में अलग-अलग स्थानों पर प्रभात फेरी और कलश यात्रा के अभियान जन अभियान के सहयोग से संचालित हो रहे हैं।

पांच लाख लड्डुओं का प्रसाद पहुंचेगा अयोध्या

प्रदेश में महाकाल मंदिर प्रबंध समिति उज्जैन की तरफ से बाबा महाकाल का पांच लाख लड्डुओं का प्रसाद अयोध्या भेजा जा रहा है जो 22 जनवरी को अयोध्या में वितरित होगा। मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गत 15 जनवरी को उज्जैन प्रवास में स्वयं भी लड्डू बनाने के पुनीत कार्य में भागीदारी की है। प्रदेश के मंदिरों और उसके आसपास के इलाकों में स्वच्छता अभियान चल रहा है। पवित्र नदियों और जलाशयों में दीपदान और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।

प्रदेश के मंदिरों में प्राण- प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखने के लिए एलईडी व्यवस्था

दिनांक 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण- प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में किया जाएगा। स्थानीय कलाकार श्रीराम-जानकी जी से संबंधित चित्र, शिल्प, रंगोली आदि का प्रदर्शन और आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य नाटिका और भजन संध्या से जुड़ेंगे। आम नागरिक इन कार्यक्रमों को देखने- सुनने पहुंचेंगे।

चित्रकूट बनेगा विश्व स्तरीय धार्मिक और पर्यटन स्थल

चित्रकूट में हर साल रामायण मेला लगेगा। चित्रकूट में आयोजित श्रीराम वन पथ गमन न्यास की पहली बैठक में मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि श्रीराम वन पथ गमन मार्ग के सभी प्रमुख स्थानों का विकास किया जाएगा। चित्रकूट को अयोध्या की तरह बनाया जाएगा। चित्रकूट में भी विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां 22 जनवरी तक निरंतर चलेंगी। वर्षभर के कार्यक्रमों का कैलेंडर बनाया जा रहा है। विभिन्न सरकारी विभाग एकीकृत शहरी विकास योजना के माध्यम से चित्रकूट को विश्व स्तरीय धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य करेंगे।

सरेआम कालेज से लडकी को उठा ले गये बदमाश

एमपी के धार में पीजी कॉलेज के बाहर से बदमाशों ने एक लड़की का अपहरण किया है। लड़की को बचाने के लिए उसकी सहेलियों ने काफी संघर्ष किया। इसके बावजूद भी बदमाश उसे उठाकर ले गए हैं। अभी तक लड़की का सुराग नहीं मिला है।

धार। पीजी कॉलेज में परीक्षा देने पहुंची एक छात्रा को बदमाश जबरदस्ती अपनी कार में उठा ले गए हैं। छात्रा बुधवार शाम परीक्षा देकर कॉलेज से बाहर निकली थी, तभी मौका पाकर बदमाशों ने छात्रों का पकड़कर कार के अंदर खींच लिया। घटना को देख आस-पास के लोगों ने शोर भी मचाया लेकिन बदमाश भाग निकले। अपहरण की इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और शहर की नाकाबंदी कर दी फिलहाल युवती का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जानकारी के मुताबिक एमए की छात्रा ललिता बुंदेला अपनी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा देने के लिए इंदौर से धार पहुंची थी। करीब 5 बजे कॉलेज से परीक्षा देकर वह बाहर निकली थी, तभी कार से 4-5 बदमाश वहां पहुंचे और छात्रा को जबरदस्ती कार में खींच लिया और भाग निकले। छात्रा मूलतः धार जिले के उमरवन स्थित गांव करोंदिया की रहने वाली है।

घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शी संतोष सिसोदिया ने बताया कि मैं अपनी बाइक से गुजर रहा था लेकिन कुछ समझ पाता उसके पहले ही बदमाश कार से छात्रा का अपहरण कर भाग निकले। छात्रा की सहेली ने भी बदमाशों से अपनी सहेली को छुड़वाने के लिए संघर्ष किया और कार पर लटक गई। लेकिन बदमाशों ने उसे धक्का देकर बाहर फेंक दिया। छात्रा की मदद के लिए मैंने शोर भी मचाया, लेकिन बदमाशों की कार की र तार काफी तेज थी, इस कारण वे भाग निकले। घटना की जानकारी मिलते ही नौगांव और कोतवाली थानों की टीम के साथ सीएसपी रवींद्र वास्कले भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बताए हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है। वहीं, बदमाशों ने जिस कार का इस्तेमाल किया वह बिना नंबर की थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की अलग-अलग टीमें बदमाशों की सर्चिंग के लिए लगाई गई है।

कोचिंग में बैठे-बैठे सर के बल गिरा स्टूडेंट,नहीं बची जान

इंदौर। शहर के भंवरकुआ इलाके के एक कोचिंग में पढ़ाई कर रहे छात्र की साइलेंट अटैक से मौत हो गई। वह यहां सर्वानंद नगर में किराए से कमरा लेकर पीएससी की तैयारी कर रहा था। छात्र का नाम राजा लोधी है। वह मूलतः ग्राम रगोली, जिला सागर का रहने वाला था। वहीं घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें राजा सिर के बल बेंच पर गिरते दिखाई दे रहा है।

भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक राजा इंदौर में रहकर आकार ढ्ढ कोचिंग इंस्टीट्यूट से पीएससी की तैयारी कर रहा था। बुधवार दोपहर कोचिंग में राजा की तबीयत बिगड़ी और वह सिर के बल बेंच पर गिर पड़ा। उसे दोस्त नजदीकी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भंवरकुआ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। राजा सागर से बीए फाइनल ईयर की पढ़ाई भी कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद राजा का परिवार सागर से इंदौर पहुंचा। परिवार के लोगों ने बताया की राजा पढ़ने में काफी होनहार था।

इंफोसिस के कैंपस में तेंदुए ने दिया शावकों को जन्म

इंदौर। इंदौर में स्थित इंफोसिस कंपनी के कैंपस में अब तेंदुए के साथ शावकों के पैरों के निशान भी मिले हैं। माना जा रहा है कि यहां पर मादा तेंदुए ने शावकों को जन्म दिया है। बुधवार को एक किसान ने तेंदुए को उसके शावकों के साथ में देखा है। गौरतलब है कि मंगलवार को इंफोसिस के कैंपस में तेंदूए के पैरों के निशान मिलने के बाद हड़कंप मच गया था। इंफोसिस के पास में ही टीसीएस का भी कैंपस लगा हुआ है। दोनों ही कंपनियों ने अब अपने कर्मचारियों को घर से काम करने की छूट दे दी है। हालांकि वन विभाग ने अभी तक तेंदुए और शावकों की

मौजूदगी की पुष्टि नहीं की है।

पिंजरे लगाए, ड्रोन से सर्चिंग

वन विभाग ने टीसीएस और इंफोसिस के कैंपस में पिंजरे लगाए हैं लेकिन तेंदुआ इसमें फंस नहीं रहा है। बुधवार को वन विभाग की टीम ने ड्रोन से भी सर्चिंग की। मंगलवार को सुबह की सैर के दौरान बीएसएफ के एक अधिकारी ने भी तेंदुए को इस क्षेत्र में देखे जाने की पुष्टि की थी।

दोनों कैंपस में घने जंगल

टीसीएस और इंफोसिस दोनों के ही कैंपस में घने जंगल है। इस वजह से वन विभाग को भी सर्चिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कैंपस के आसपास की जमीनों पर खेती होती है। संभवतः तेंदुआ इन खेतों से होकर ही कैंपस के अंदर आया है। वन विभाग कैंपस में सीसीटीवी लगा रहा है। दोनों ही कंपनियों ने अपने अधिकांश कर्मचारियों को फिलहाल द तर आने के लिए मना कर दिया है।

ग्वालियर महानगर में शालेय विद्यार्थियों का प्रकटोत्सव

ग्वालियर महानगर में आयोजित हुए शालेय विद्यार्थी प्रकटोत्सव में 256 बाल स्वयंसेवकों ने योग, व्यायाम, दंड, घोष, मलखंभ आदि का प्रदर्शन किया. इस अवसर पर अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण प्रमुख श्री सुनील जी कुलकर्णी, विभाग संचालक श्री विजय जी गुप्त एवं युवा इंटरेक्टोर सुमित से सेना उपस्थित रहे.

स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति प्राथमिकता से करें पूर्ण - उप मु यमंत्री शु ल

आयोजित परीक्षाओं के परिणाम शीघ्र जारी करने के निर्देश

भोपाल । उप मु यमंत्री श्री राजेंद्र शु ल ने निर्देश दिये हैं कि स्वास्थ्य विभाग के स्वीकृत पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं की अविलंब पूरा करें। स्वीकृत पद के लिए मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा परीक्षा आयोजित की जा चुकी हैं। उनके अंतिम परिणाम जारी करने के संबंध में विभागीय सामंजस्य के विषयों को प्राथमिकता से निराकृत करें। उप मु यमंत्री श्री शु ल ने आज मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में बैठक ली।

स्वास्थ्य विभाग का अमला पूरी आबादी से संबंधित

उप मु यमंत्री श्री शु ल ने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति का कार्य कर्मचारी चयन मंडल प्राथमिकता के साथ करे। उप मु यमंत्री ने कहा कि सभी सेवाभाव से कार्य करें`` योंकि स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक मेडिकल स्टाफ़ संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए अहम हैं, प्रदेश की पूरी आबादी से संबंधित हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय सामंजस्य के विषयों में संबंधित अधिकारी प्राथमिकता से नियमित संपर्क कर निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उप मु यमंत्री ने एएनएम के 2576 पद, रेडियोग्राफ़र के 140 पद, लैब टे नीशियन के 265 पद और फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के 472 पद कुल 3453 पद के परिणाम कर्मचारी चयन मंडल द्वारा शीघ्र जारी किए जाने के लिए कहा।

नवीन स्वीकृत पदों की मांग शीघ्र प्रेषित करें

उप मु यमंत्री श्री शु ल ने नवीन स्वीकृत पदों के संबंध में लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन मंडल को शीघ्र मांग प्रेषित करने के निर्देश दिये, जिससे भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जा सके। उल्लेखनीय है कि बैकलॉग और नवीन स्वीकृत पद मिलाकर विशेषज्ञ के 441 पद, चिकित्सा अधिकारी के 470 पद और दंत चिकित्सक के 156 पदों पर भर्ती के लिये लोक सेवा आयोग को मांग प्रेषित की जानी है। उप मु यमंत्री ने एनएचएम द्वारा भर्ती किए जाने वाले स्वास्थ्य स्टाफ के पदों, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की नियुक्ति के संबंध में वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये।

अपर मु य सचिव स्वास्थ्य श्री मो. सुलेमान, अपर मु य सचिव एवं अध्यक्ष मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल श्री मलय श्रीवास्तव, आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. सुदाम खाड़े, मिशन संचालक एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास, संचालक कर्मचारी चयन मंडल शणमुख प्रिया मिश्रा, संचालक स्वास्थ्य श्री दिनेश श्रीवास्तव एवं विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे

सभी शासकीय भवनों में 21 से 26 जनवरी तक प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी - मु यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ने मंत्रालय में मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में चित्रकूट में कल 16 जनवरी को श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास की पहली बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीराम पथ गमन के विकास की कार्य योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। प्रथम चरण में पथ के अयोध्या से चित्रकूट तक के विकास के लिए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश सरकारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में गतिविधियां संचालित की जायेंगी। पांच विशेषज्ञों की समिति बनाकर कार्य आरंभ किया जाएगा, जो क्षेत्र चिह्नित है वहाँ पहले कार्य आरंभ होगा। चित्रकूट का विकास किया जायेगा और अमरकंटक का विकास व मंदाकिनी नदी का संरक्षण भी समन्वित रूप से किया जाएगा। संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

प्रदेश में सभी स्थानों पर निकाली जाएगी प्रभात फेरी और कलश यात्रा

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को प्रदेश में उत्सव और आयोजनों के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष कार्य योजना बनाई गई है। इसमें उज्जैन, रतलाम, देवास, सीहोर, सलकनपुर, छिंदवाड़ा, अमरकंटक, जबलपुर आदि में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी। इसी क्रम में बाबा महाकाल मंदिर से 5 लाख लड्डू अयोध्या भेजे जा रहे हैं। प्रदेश में सभी स्थानों पर प्रभात फेरी, कलश यात्रा जैसे अलग-अलग आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें जन अभियान परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदिरों में 11 से 22 तक चलने वाले स्वच्छता अभियान में मंत्रीगण तथा अधिक से अधिक जन-प्रतिनिधि भाग लें।

ग्राम पंचायतों में होगा रामचरित मानस का पाठ

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदिरों और नदियों में 22 जनवरी को दीपदान प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, साथ ही सभी शासकीय भवनों में 21 से 26 जनवरी तक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी व चित्रकूट, ओरछा जैसे धार्मिक महत्व के स्थानों पर संस्कृति विभाग के सहयोग से विशेष आयोजन किए जाएंगे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं भी 22 जनवरी को संभवत ओरछा में रहेंगे। अयोध्या में 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जन सामान्य को दिखाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर एल.ई.डी. की व्यवस्था की जाएं, इसके साथ ही रंगोली तथा अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां भी की जाएं। प्रदेशवासियों को अयोध्या मंदिर दर्शन के लिए ले जाया जाएगा, मंत्री भी इन यात्राओं में साथ रहें। ग्राम पंचायत स्तर पर भी रामचरित मानस, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा आदि का आयोजन किया जाए और यह सभी आयोजन प्रभावी हों। प्रयास यह हो कि वर्ष भर प्रदेश में कार्यक्रम हों तथा चित्रकूट से अयोध्या की यात्राएं भी की जाएँ, सभी देवस्थान और तीर्थ स्थलों का रखरखाव बेहतर हो। उन्होंने साल भर संचालित होने वाली सभी गतिविधियों का कैलेंडर विकसित करने के निर्देश दिये।

प्रदेश में ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित किया जाएगा

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रोजगारपरक उद्योगों के साथ-साथ प्रदेश में ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापार मेले और रोजगार मेलों के आयोजनों पर ध्यान दिया जाए। ग्वालियर व्यापार मेले की तरह उज्जैन में भी एक मार्च से व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा उद्योग विभाग और अन्य संबंधित विभागों को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं, इसके साथ ही इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन पर भी विचार किया जा सकता है। रोजगारमूलक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना राज्य शासन का उद्देश्य है।

उज्जैन में है विक्रमोत्सव के आयोजन की पर परा

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में विक्रमोत्सव के आयोजन की पर परा है। सम्राट विक्रमादित्य के विराट व्यक्तित्व के कई पक्ष रहे हैं, ज्ञान, वीरता, न्याय, दर्शन, साहित्य-संस्कृति के साथ-साथ व्यापार-व्यवसाय से भी जुड़ी उनकी कई किवदंतियां हैं। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा विक्रम संवत् आरंभ करना उनके सामर्थ्य का परिचायक है। शासकीय कैलेंडर में शक-संवत् का उल्लेख होता था, जो हमारी पराजय का परिचायक रहा। विक्रम संवत् के महत्व को स्वीकारते हुए इस वर्ष के शासकीय कैलेंडर में विक्रम संवत् को स्थान दिया गया है।

दुग्ध व्यवसाय के प्रोत्साहन के लिए अमूल के अधिकारियों से की चर्चा

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दूध के उत्पादन और व्यापार-व्यवसाय के प्रोत्साहन के लिए भी विशेष रूप से गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस संबंध में गुजरात प्रवास के दौरान अमूल के अधिकारियों से भी उनकी चर्चा हुई है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मजदूरों का हक उन्हें दिलाने के लिए हुकुमचंद मिल के समाधान के समान ही अन्य बंद पड़े उद्योगों के प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। राज्य सरकार जनसामान्य की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनके निराकरण के लिए निरंतर कार्यरत है।

कले टर सिंघल ने निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने गुरूवार 18 जनवरी को कले ट्रेट सभाकक्ष में सभी अनुविभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर संचालित फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अनुभागवार अब तक मतदाता सूची में जोड़े गए नए नाम, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने सहित अन्य प्राप्त दावा-आपत्ति की समीक्षा कर कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने संबंधी आवश्य दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन श्री हिमांशु जैन, अपर कले टर एवं अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी श्री सीएल चनाप, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत, संयुक्त कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वंदना जाट सहित सभी अनुविभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

BJP के होंगे नाथ! मध्य प्रदेश की राजनीति में अटकलें तेज, या है कमलनाथ का गेम प्लान

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव का आगाज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छिंदवाड़ा से करने वाले हैं और इसका एक कारण यह भी है कि मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से केवल छिंदवाड़ा को छोड़कर शेष 28 लोकसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है । वहीं सोशल मीडिया से लेकर एमपी के गलियारों में पूर्व सीएम कमलनाथ के बीजेपी ज्वाइन करने के कयास की खबरें तेजी से वायरल हो रही है हालांकि कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयुष बबेला ने इसका खंडन किया है ।

सोशल मीडिया पर खबर यह वायरल हो रही है कि कमलनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 21 जनवरी को मिलने का समय मांगा है और इसी बात को आगे बढ़ाते हुये कमलनाथ भाजपा में शामिल होंगे तक बताया गया था जिसका कमलनाथ के मीडिया सलाहकार बबेला ने खंड किया है ।

सरस्वती शिशु मंदिर में मेधावी छात्र शिक्षण वर्ग संपन्न

सिवनी यशोः- सिवनी जिले की अग्रणी शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में शैक्षणिक नवाचार हेतु हाईस्कूल परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छिंदवाड़ा विभाग के भैया-बहिनों का 3 दिवसीय आवासीय वर्ग का आयोजन 14 जनवरी से 16 जनवरी 2024 के मध्य किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित 10 विद्यालयों के 64 मेधावी छात्र-छात्राओं को सिवनी जिले के जाने माने विषय विशेषज्ञो ने विषयो की बारीकियों से अवगत कराया। परीक्षा में सफलता प्राप्ति के लिये या- या करना आवश्यक है इसका ज्ञान कराया। इसके अतिरिक्त अनेक अनुभवी विद्वानो ने प्रेरक उद्बोधन से छात्रो का मार्गदर्शन किया। वर्ग में विद्याभारती के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरूण जी पटेवार, रिटायर्ड कले टर डॉ. श्याम कुमेरे, व्यवस्थापक नितिन चौधरी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त जिला सचिव विनीत अग्रवाल, समिति अध्यक्ष दीपक साहू, कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी , विभाग समन्वयक चुन्नीलाल बोपचे, प्राचार्य ओमप्रकाश यादव की सक्रिय सहभागिता रही। विषय विशेषज्ञों में योगराज राहंगडाले(गणित), नरेन्द्र चौरसिया(गणित), विजय शु ला(विज्ञान), श्रीमती वीणा पाण्डे(विज्ञान),रमेश श्रीवास्तव(हिन्दी), ओमप्रकाश शर्मा(सा.विज्ञान), लक्ष्मी चौधरी(अंग्रेजी),प्रकाश गुप्ता(अंग्रेजी), पूरनलाल यादव(संस्कृत) का प्रेरक मार्गदर्शन भैया-बहिनों को प्राप्त हुआ। जिला पर्यावरण प्रमुख सिवनी के प्रसिद्ध समाजसेवी प्रगतिशील कृषक श्री अंकित मालू का प्रेरक मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर प्रशिक्षार्णी भैया-बहिनों ने वर्ग को अपने शैक्षणिक उन्नयन में अत्यंत उपयोगी निरूपित करते हुये समस्त व्यवस्थाओं पर हर्ष व्यक्त किया अपने वर्गानुभव साझा करते हुये उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस शिक्षण वर्ग के कारण उनके परीक्षा परिणामों में निश्चित ही सुधार होगा। वर्ग के सफलतम आयोजन में समस्त आचार्य परिवार का सहयोग प्राप्त हुआ।

सीएम राईज स्कूल केवलारी के नवीन भवन निर्माण के संबंध में बैठक आज

सिवनी यशोः- अनुविभागयी अधिकारी (राजस्व) केवलारी द्वारा जानकारी दी गई कि सीएम राईज स्कूल केवलारी के नवीन भवन निर्माण के संबंध में शुक्रवार 19 जनवरी 24 अपरान्ह 02 बजे से सीएम राईज स्कूल के वलारी सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सीएम राईज स्कूल केवलारी के नवीन भवन निर्माण हेतु चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने संबंधी दावा-आपत्ति आमंत्रित

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग एवं मु य निर्वाचन पदाधिकरी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 कार्यक्रमानुसार 22 जनवरी 2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने संबंधी आवेदन (दावे आपत्ति) प्राप्त किए जा रहे हैं। इसी परिपेक्ष्य में 20 जनवरी 2024 को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन Voter Helpline App और voters.eci.gov.in इन के माध्यम से किया जा सकता है। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

सीईओ विजय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकी प्रदर्शन कार्यक्रम की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के जिलास्तरीय समारोह के अवसर हितग्राही मूलक विभागों की झांकी प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय ने कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्यानिकी, शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, जल संसाधन, मत्स्य विभाग, नगरपालिका, विद्युत विभाग, उद्योग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग, पशु पालन विभाग सहित अन्य हितग्राही मूलक विभागाधिकारियों की बैठक ली।

सीईओ जिला पंचायत श्री विजय ने उपस्थित सभी विभागाधिकारियो से बारी-बारी उनके द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली विभागीय योजनाओं की झांकी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागाधिकारियों को सुव्यवस्थित अच्छे ढंग से झांकियों का सजीव एवं चित्रात्मक वर्णन कर गणतंत्र दिवस के मु य समारोह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि आमजनों को झांकियों के माध्यम से योजना एवं जिले में हुए विकास कार्यों की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा" के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राही हो रहे लाभांवित

सिवनी यशोः- केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत हितग्राहियों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से स पूर्ण प्रदेश में "विकसित भारत संकल्प यात्रा " संचालित की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में जिले में संचालित यात्रा के माध्यम से ग्राम पंचायतवार एवं वार्डवार शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर योजना से लाभांवित किया जा रहा है।

सीपीएल टूर्नामेंट मे पत्रकार एकादश ने पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के साथ खेला मैत्री मैच

छपारा यशोः- विगत 5जनवरी से छपारा नगर मे सीपीएल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमे जिले ही नहीं अपितु महाकौशल क्षेत्र को टीमों ने हिस्सा लिया है जिसका फाइनल मैच खेला जाना है, वही आज आयोजक समिति के दवारा के नगर के पत्रकारों को मैच खेलने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिनका मैत्री मैच स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग थाना छपारा के मध्य खेला गया. जिसने शानदार पत्रकार एकादश की

तरफ़ से गजेंद्र गब्बर चौहान एवं विशाल की तरफ़ से ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की गई, वही पुलिस विभाग की तरफ़ से जयंन्द्र बघेल एव नगर निरीक्षक सौरभ पटेल की शानदार बल्लेबाजी की गई, सभी खिलाड़ियों के दवारा मैत्री मैच शानदार प्रदर्शन रहा, स्वास्थ्य विभाग की तरफ़ से प्रतुल सोनी और सोनू सरदार का अच्छा प्रदर्शन रहा, सभी खिलाड़ियों ने एक दूसरे प्रदर्शन सराहा. इस अवसर पर नगर निरीक्षक सौरभ पटेल ने आयोजक समिति के इस आयोजन तारीफ की, और कहा कि तरफ़ आयोजन से क्षेत्रीय प्रतिभाओ निखारने का अच्छा मंच तैयार होता जिससे मे नेशनल व अंतराष्ट्रीय स्तर मे अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है. साथ ही पत्रकार संघ के लक्ष्मण सिंह अहिरवार ने आयोजक समिति को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की.

शिक्षा के मंदिर में लिखे अश्लील शब्दों को देख जब रो पड़ी शिक्षिका

सिवनी यशोः- किसी भी संस्था में उस संस्था का संरक्षक होता है परंतु गोसाई खमरिया हायर सेकंड्री स्कूल के प्राचार्य अपनी संस्था के शिक्षों के स मान के संरक्षण और विद्यालय में हो रही अनैतिक गतिविधियों पर मूक दर्शक बने हुये है विद्यालय में अज्ञात तत्वों द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं के संबंध में अश्लील बाते लिखी जा रही है विद्यालय के प्राचार्य इस पर लगाम लगाने में असमर्थ साबित हो रहे है ।

जिले के हाई सेकेंडरी स्कूल गोसाई खमरिया में बीते दिवस जब स्कूल में पढाने वाली महिला शिक्षक ` लास में पहुंची तो उन्होंने देखा कि उनके एवं उनके साथी महिला शिक्षक के बारे में अश्लील एवं गंदे शब्द पूरी ` लास में लिखे हैं। इस बात की जानकारी महिला शिक्षकों द्वारा प्रिंसिपल से की गई तो प्रिंसिपल ने शिक्षिकाओं को साफ कह दिया कि इस प्रकार के मामले आप खुद देख ले महिला शिक्षिकाएँ रोते हुये अपनी परेशानी को बता रही है परंतु महिला अधिकारो की बात करने वाला प्रशासन लापरवाह प्राचार्य के विरोध में कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है केवल जाँच की औपचारिकता की जा रही है । इस संबंध में महिला शिक्षकों के द्वारा पुलिस को भी सूचना दी गई एवं जिला सहायक आयुक्त को भी सूचना दी जिस पर लखनादौन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जांच करने की बात कह रहे है।

गौरतलब है कि स्कूल में अभद्रता की हद पार हो गई पहले भी लड़कियों के बारे में ` लास में अभद्र एवं गंदे शब्द लिखे जाते रहे है। इतना ही नहीं स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को खुले में टॉयलेट के लिए जाना पड़ता है। प्रिंसपल के स्कूल से गायब रहने आरोप अभिभावकों ने लगाए हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में सुबह शराब की बोतल मिलती हैं। शराबियों का जमावड़ा बना होता है।

पीडित महिला शिक्षकों ने अपनी दर्द भरी दास्तां पहले भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को एवम प्रिंसिपल को बताइए लेकिन आज दिनांक तक उसे पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

सहकारी बैंकों को कॉर्पोरेट जगत से जोड़ने के लिये प्रोफेशनल्स की सहायता लें

स्वच्छता सप्ताह मना कर इंटर डिपार्टमेंट कॉ पटीशन करवायें
मंत्री श्री सारंग ने की राज्य सहकारी बैंक की समीक्षा

भोपाल । सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि एक सप्ताह बैंक में साफ-सफाई अभियान चलायें। इसके लिये इंटर डिपार्टमेंट कॉ पटीशन भी हो। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को आगामी सहकारी मंथन कार्यक्रम में पुरस्कृत भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक विभाग का फेशिया है, इसे स्वच्छ रखना हमारी जि मेदारी है। मंत्री श्री सारंग ने सहकारी बैंकों को

कॉर्पोरेट जैसे कल्चर से जोड़ने के लिये आवश्यक ट्रेनिंग दिलवाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्रोफेशनल के माध्यम से स्किल डेव्हलपमेंट की बात कही। उन्होंने वर्किंग पेटर्न को अपडेट करने के लिये कंसलटेंट रखने को भी कहा। बताया गया कि फिजिकल ट्रेनिंग जल्द ही शुरू होने जा रही है।

मंत्री श्री सारंग ने बैंकों में रिक्त पदों की भर्ती के संबंध में सेवा नियमों का पुनः अध्ययन करने के निर्देश दिये। सेवा नियमों में जहाँ व्यावहारिक परेशानी आ रही है, उसकी 10 दिन में कमेटी बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये, जिससे नियमों का सरलीकरण किया जा सके। पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में चयनित उ मीदवारों को जल्द से जल्द ज्वाइन करवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी में वर्गीकृत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में सुधार लाने के लिये मु यालय से वरिष्ठ अधिकारियों का लक्ष्य निर्धारित करें, जिससे उन्हें आगे बढ़ाया जा सके। बैंकों की स्थिति ठीक करने पर अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

बैठक में राज्य सहकारी बैंक के स्टॉफिंग पेटर्न पर विस्तार से चर्चा की गई। सीधी भर्ती, रिक्त पदों की स्थिति, वित्तीय स्थिति, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का क प्यूटराइजेशन, माइक्रो एटीएम, रूपे किसान क्रेडिट कार्ड सहित आधुनिक बैंकिंग सेवाएँ, ऋण वितरण, रासायनिक खाद वितरण, धान उपार्जन सहित भविष्य की कार्य-योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक श्री आलोक कुमार सिंह, उप सचिव श्री मनोज सिन्हा, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक श्री मनोज गुप्ता सहित अनुभाग प्रमुख उपस्थित थे।

शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने जीते पदक

सिवनी यशोः- 10वी स्कूल शिक्षा विभागीय कर्मचारी एथलेटिं स व्हालीबाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 से 16 जनवरी 2024 तक सीहोर जिले मे था। जिसमें कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी में पदस्थ श्री संकल्प धकाते ने गोला फेंक प्रतियोगिता में ब्रोन्ज मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता में जिला क्रीडा अधिकारी जस्सी थॉमस शिक्षक ममता उइके व्हालीबाल विजेता टीम में मिनाक्षी मेश्राम बॉबी बघेल , सीमा चौरसिया ने प्रतियोगिता में उत्कर्ष प्रदर्शन किया। श्री एसएएस कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी सहायक संचालक श्री आरएआर मेहता श्री आरएपी पाटिल एवं कार्यालय परिवार द्वारा विजेताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गयी।

नगर में प्रभात फेरी निकाल हो रहा श्री राम संकीर्तन

अल सुबह 5 बजे संगीतमय संकीर्तन में जुट रहे श्रद्धालु,

छपारा यशोः- नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित गौरीशंकर मंदिर समिति एवं सनातन धर्म ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा विगत 16 जनवरी से प्रभात फेरी निकाल कर श्री राम संकीर्तन करते हुए नगर के मु य मार्गो पर बड़ी सं या में श्रद्धालुओं का जत्था बीते दो दिनों से निकाला जा रहा है जिसमें महिलाओं के साथ-साथ वृद्धजन भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं बीते मंगलवार को सुबह गौरी शंकर मंदिर से श्री राम संकीर्तन प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया जो नगर के विभिन्न मार्गो से भजन कीर्तन पैदल भ्रमण करते हुए वापस गौरीशंकर मंदिर में समाप्त हुई वहीं 17 जनवरी को नगर के श्री राम मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर के जैन वार्ड, तकिया वार्ड, शिशगर वार्ड, माता मोहल्ला होते हुए संजय कॉलोनी चौराहा पहुंची जहां मु य मार्ग होते हुए बाजार स्थित श्री राम मंदिर पर जाकर समाप्त संकीर्तन को किया गया। वहीं वार्ड नंबर 10 और 13 कि पार्षदों के द्वारा खेरमाई मढिया मंदिर पर पहुंचकर परिसर की साफ-सफाई की गई इस अवसर पर नगर के चंद्रशेखर श्रीवात्री उपस्थित रहे।

स्कूलों में बच्चों को भारतीय संस्कृति के बारे में लगातार जानकारी दें - स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थाई समिति की हुई बैठक

भोपाल । स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि स्कूलों में बच्चों को भारतीय संस्कृति के महत्व एवं हमारी प्राचीन परंपरा के बारे में नियमित जानकारी दी जाए, जिससे बच्चों में अपने देश के प्रति स मान और अधिक मजबूत होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री आज मंत्रालय में पाठ्य पुस्तक स्थाई समिति को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरूण शमी भी मौजूद थीं।

बैठक में प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश सी-बरतूनिया ने समिति की गतिविधियों और पाठ्य पुस्तकों के स्लेबस तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। स्कूल शिक्षा

मंत्री ने सदस्यों से कहा कि सड़कों को दुर्घटनाओं को रोकने के लिये बच्चों को शुरू से ही स्कूलों में यातायात नियम की जानकारी देने की आवश्यकता है। शिक्षक इन्हें कक्षावार तय करके उपयोगी तरीके से यह जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार व्यवस्था भारत की पहचान है। इसके महत्व को बतने से बच्चों में पारिवारिक रिश्ते मजबूत हो सकेंगे। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि अगले शिक्षण सत्र में बच्चों की पाठ्य पुस्तकें समय पर उपलब्ध हों। यह व्यवस्था अभी से सुनिश्चित की जाएँ।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि महापुरूषों की जयंती और त्यौहारों पर बच्चों को इसके महत्व के बारे में जानकारी दी जाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के जनजातीय महापुरूषों पर केन्द्रित पुस्तकों के प्रकाशन पर जोर दिया।

गाय के महत्व के बारे में बताएं

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष महत्व है। इस महत्व के बारे में बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से बताया जाना चाहिए। इससे बच्चों का गाय के प्रति स मान बढ़ेगा और वे अच्छी तरह से गाय की देखभाल कर सकेंगे। मंत्री श्री सिंह ने %एक भारत श्रेष्ठ भारत% थीम पर स्कूलों में गतिविधियाँ बढ़ाए जाने के निर्देश दिये।

स्कूल की बाल सभा

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कक्षा 8 तक प्रति शनिवार होने वाली बाल सभा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि बाल सभा में नशे की आदत के दुष्प्रभाव एवं सामाजिक बुराई के बारे में जानकारी दिये जाने की आवश्यकता है। बैठक में तय किया गया कि स्कूलों में मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों की सेवाएँ सुनिश्चित की जाएगी। इससे बच्चों में निराशा के भाव दूर किया जा सकेगा। बैठक में सदस्य डॉ. भागीरथ कुमावत, डॉ. रघुवीर प्रसाद गोस्वामी, श्री जीवन प्रकाश आर्य, डॉ. अनूप जैन, डॉ. विनय सिंह चौहान, श्रीमती सुषमा यदुवंशी, डॉ. मनमोहन प्रकाश श्रीवास्तव और समिति के सदस्य सचिव संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस भी मौजूद थे

ट्रे टर ट्रॉलियों में लगाए गए रि ले टर टेप

मंडला यशोः- सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत यातायात जागरूकता हेतु परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग के तत्वाधान में रि ले टर टेप (रेडियम) लगाने को अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 22 ट्रे टर ट्रॉलियों में परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा रि ले टर टेप (रेडियम) लगाये गये। जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे द्वारा बताया गया कि रात में खड़े ट्रे टर ट्रॉली एवं अन्य वाहन दिखाई नही देते हैं जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इस अभियान द्वारा सभी वाहन स्वामिओं को वाहनों में रि ले टर टेप लगाने का निवेदन किया गया है। दुर्घटना से बचाव हेतु रि ले टर टेप लगाना आवश्यक एवं अनिवार्य है।

लर्निंग लायसेंस शिविर आयोजित

मंडला यशोः- सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत यातायात जागरूकता हेतु परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग के तत्वाधान में 17 जनवरी को शासकीय जगन्नाथ मुन्नालाल चौधरी महिला महाविद्यालय मण्डला में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय में अध्ययनरत 75 छात्राओं के लर्निंग लायसेंस बनाये गये। शिविर में छात्राओं को यातायात नियमों, यातायात संकेतों की जानकारी दी गई। साथ ही हेलमेट पहनने एवं कार चलाते समय सीटबेल्ट लगाने की उपयोगिता बताई गई। शिविर में कॉलेज के स्टॉफ एवं परिवहन कार्यालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।

महाभियान के दौरान राजस्व संबंधी प्रकरणों का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें- डॉ. सिडाना

कले टर ने किया बबलिया माल में आयोजित शिविर का निरीक्षण

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने राजस्व महाभियान के तहत निवास अनुविभाग के अंतर्गत बबलिया माल में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्?होंने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक चलने वाले इस अभियान के दौरान नामांतरण, बटवारा, सीमांकन आदि राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा राजस्व अभिलेखों में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने की कार्यवाही की जाएगी। अभियान के माध्यम से राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाना है। निरीक्षण के दौरान कले टर ने ग्रामीणों के सामने बी-1 का वाचन कराया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बी-1 वाचन के समय अपने रिकार्ड का मिलान करें तथा त्रुटि होने पर एसडीएम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करें। उन्?होंने वाचन के साथ ग्राम के ने शा प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए।

कले टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों का महाभियान के दौरान अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही सर्वे के माध्यम से नवीन प्रकरणों का चिन्हांकन कर उनके निराकरण की कार्यवाही करें। नामांतरण अविवादित एक माह में तथा अविवादित बटवारा 3 माह में निराकृत किए जाएं। महाभियान के अंतर्गत राजस्व संबंधी प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज करें। किसान स न मान निधि के पात्र किसानों को लाभ दिलाने के लिए ई-केवाईसी आदि की कार्यवाही अगले 2 दिवस में पूर्ण करें। राजस्व महाभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए आमजन की राजस्व संबंधी समस्त समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। इस दौरान एसडीएम निवास शाहिद खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

हेंडपंपों की मर मत कराएं

भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में ग्रामीणों से फीडबैक लिया। ग्रामीणों द्वारा हेंडपंप की समस्या बताए जाने पर कले टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल ग्राम के सभी हेंडपंपों की जांच कर उनमें आवश्यक सुधार कराएं। उन्होंने नलजल योजना की प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने ग्रामीणों से शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्यान्न वितरण आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल स मान योजना: सेमीनार सह कार्यक्रम आज

मंडला यशोः- सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश भर के शिल्पकार बढाई, सुनार, लोहार, राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची, जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाला गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता आदि कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल स मान योजना प्रार भ की गई है। इस योजनांतर्गत 19 जनवरी 2024 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) मण्डला में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक एक सेमीनार सह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

विशेष पेंशन शिविर 29 जनवरी से 05 फरवरी तक

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देशों के परिपालन में जिला पेंशन कार्यालय सिवनी द्वारा 29 जनवरी से 05 फरवरी 2024 तक जिला पेंशन कार्यालय, बौड़ाखाडा में %%विशेष पेंशन शिविर%% का आयोजन किया जा रहा है।

कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को उनके कार्यालय अधीन लंबित पेंशन पेंशन प्रकरणों में वसूली एवं प्रोफाईल अपडेट कर 25 जनवरी 24 तक जिला पेंशन कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण पर की गई कार्यवाही

मंडला यशोः- कले टर के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम द्वारा जाकिर हुसैन पिता नियाज अहमद निवासी ककैया के घर में अवैध रूप से भण्डारित भरे 26 घरेलू गैस सिलेंडर एवं खाली 17 गैस सिलेण्डर कुल 43 गैस सिलेण्डरों की जब्ती की कार्यवाही की गई है। नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया है।

ब हनी बंजर मे खुले आम लग रही माँस — मछ्ली की दुकानों का किया विरोध , बाज़ार अलग स्थापित करने की मांग

मंडला यशोः- जिले की नगर परिषद ब हनी बंजर में माँस मछली के क्रेता विक्रेताओ से परेशान हो चुके है जहाँ पर नगर में जगह जगह खुले में खुलेआम मछली और मांस का विक्रय किया जा रहा है।मध्य प्रदेश में मांस-मछली की खुले बाजार में घर में अवैध रूप से भण्डारित रखी है, नियम विरुद्ध संचालित दुकानों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया गया है ऐसे में मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगरीय निकायों में मांस-मछली की बिक्री के लिए शहर से बाहर अलग से बाजार बनने के निर्देश दिए हैं। मु यमंत्री के 13 दिसंबर को हुए आदेश के बाद नगर पालिका ब हनी बंजर के शासकीय कमरे जो किराए पर दिए गए हैं नगर परिषद के शासकीय कैमरा पर ही मछली, मुर्गा एवं मटन मार्केट का कार्य प्रारंभ है। नगर के लोगो का कहना है कि कुछ ही दूरी में नगर परिषद है व कार्यालय के सामने के प्रांगण में मंदिर भी, पास में ही सब्जी मार्केट और पास में ही शासकीय प्राथमिक शाला, हरि सब्जि मार्केट बाजार इन अभी के समीप ही मटन, मुर्गा, मछली मार्केट बना हुआ है लेकिन इन सभी के बावजूद भी मु यमंत्री आदेश व नियमों का नहीं किया जा रहा पालन, ब हनी नगर परिषद व मंदिर और सब्जी मार्केट से कुछ ही दूरी में मछली मटन मार्केट है जो लोगो की मांग है कि नगर से मटन,मांस-मछली मार्केट नगर से बाहर स्थापित किया जाए, मांस मछली मार्केट नगर के बाहर स्थापित किया जाना शासन के लिए चुनौती पूर्ण कार्य होगा।

स्व सहायता समूह की दीदी के आत्मविश्वास से प्रभावित हुई कले टर

आर्थिक रूप से सक्षम हो रही हैं महिलाएं

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बुधवार को नारायणगंज विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत देवरीकला में स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए समूह की कार्यवाही, विभिन्न उत्पाद, विक्रय, आमदनी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

वसुंधरा आजीविका स्व सहायता समूह की सदस्य मीरा यादव ने बताया कि उन्होंने समूह के माध्यम से कोदो-कुटकी की प्रसंस्करण यूनिट लगाई है। साथ ही मशरूम की खेती कर रहे हैं जिससे उन्हें अच्छी आमदनी प्राप्त होती है। समूह के सभी सदस्य शनैः शनैः आर्थिक रूप से समर्थ हो रहे हैं। उनके समूह के माध्यम से अन्य 5-6 लोगों को रोजगार भी प्रदान किया जा रहा है। कले टर डॉ. सिडाना ने मीरा यादव के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कार्य को और विस्तारित करने की समझाईश दी। जय गणेश स्व सहायता समूह की प्रेमलता बैरागी ने बताया कि समूह के माध्यम से वह एक ढाबा का संचालन करती है जिससे उसे अच्छा लाभ होता है। कले टर ने संबंधित अधिकारियों को स्व सहायता समूहों के लिए लस्टर लेवल फेडरेशन के लिए भवन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

मुर्गीपालन इकाई देखने रूपकली के घर पहुंची कले टर

ग्राम देवरीकला के ज्ञानगंगा स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य रूपकली नेताम के घर पहुंचकर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मुर्गीपालन इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान चूजों की देखभाल, टीकाकरण एवं अन्य के संबंध में उन्होंने समूह की दीदी से जानकारी ली तथा उनकी पारिवारिक स्थिति के बारे में भी चर्चा की। समूह सदस्यों ने बताया कि आजीविका मिशन के द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के आधार पर समूह के सदस्यों ने मुर्गीपालन इकाई संचालित करने का निर्णय लिया था। मुर्गीपालन इकाई से उन्हें प्रतिमाह अच्छी आमदनी हो रही है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। इकाई में समय समय पर मुर्गियों की सं या भी बढ़ाई जा रही है। रूपकली ने समूह द्वारा संचालित पशुपालन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कले टर को दूध, दही, घी, मठा बनाने की प्रक्रिया भी बतलाई।

हिरदेनगर में डाक चौपाल का आयोजन

मंडला यशोः- भारतीय डाक विभाग मंडला डाक संभाग अंतर्गत उपसंभाग मंडला के ग्राम पंचायत भवन हिरदेनगर में अधीक्षक डाकघर मंडला संभाग के मार्गदर्शन में सामुदायिक विकास कार्यक्रम डाक चौपाल का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में डाक विभाग से जुड़ी विभिन्न जनहितैषी एवं लाभदायक योजनाएं जैसे बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, सावधि जमा खाता मासिक आय योजना खाता, वरिष्ठ नागरिक बचत खाता, आई.पी.पी.बी. खाता, डाक जीवन बीमा ग्रामीण डाक जीवन बीमा इत्यादि की जानकारी दी गई। मंडला संभाग के सहायक अधीक्षक पी.एन. सिंगौर के द्वारा डाक विभाग से जुड़ी योजनाओं, बीमा योजनाओं एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डाक विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विभाग की योजनाओं से जुड़ी जानकारी पर विस्तार से चर्चा करते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला यशोः- अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास ने चरगांव निवासी श्वेता मसराम की 19 अगस्त 2023 को पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पिता सुनीलकुमार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की है।

धान खरीदी केंद्र परसामऊ और गढ़ी पहुंचे अधिकारी

बालाघाट। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत धान खरीदी केंद्रों में की जा रही धान खरीदी के लिए अब दो दिन शेष है। जिसके चलते 17 जनवरी को कले टर व बैंक प्रशासक डा. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जेएसके बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा जिला मु यालय से 113 किमी दूर स्थित धान खरीदी केंद्र परसामऊ का निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक मु यालय फील्ड अधिकारी राजेश नगपुरे भी उपस्थित रहे।

परसामऊ और गढ़ी पहुंचे श्री पटले ने धान खरीदी केंद्र में उपस्थित किसानों से चर्चा की जिसके बाद केंद्र से परिवहन को लेकर तत्काल डीएमओ से धान उठाव हेतु शीघ्र व्यवस्था कराने कहा गया। इसके अलावा तोल काटे, छपाई, सिलाई आदि कार्य को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए समिति प्रबंधक और प्रभारी को निर्देशित किया कि सं या बढ़ाकर कार्य करवाना सुनिश्चित करे।

श्री पटले ने निरीक्षण के दौरान पाया कि परसामऊ केंद्र में 576 किसानों ने स्लॉट बुक करवाया था जिसमे से 380 किसानों से धान खरीदी की गई जबकि शेष 196 किसानों में से लगभग 82 किसानों ने 17 जनवरी को अपनी उपज लेकर उपस्थित हुए। इसी तरह गढ़ी केंद्र में शेष बचे 168 किसानों में से लगभग 100 किसानों ने अपनी उपज लेकर आए । श्री पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनो ही खरीदी केंद्रों में आवश्यकता अनुसार माकुल व्यवस्था किए जाने निर्देश दिया गया।

1221.29 लाख की हुई धान खरीदी

बैंक सीईओ श्री पटले ने बताया कि 110384 किसानों ने स्लॉट बुक कराया था जिसमे से 104015 किसानों से 17 जनवरी तक लगभग 1221.29 लाख की धान खरीदी गई जिसकी मात्रा 55945 34.93 क्विंटल है। जबकि 581.36 लाख का 88358 किसानों को भुगतान किया जा चुका है।

जनकल्याण की मुहिम है विकसित भारत संकल्प यात्रा, नपा कार्यालय में हुआ जनसंवाद एवं स्वास्थ्य शिविर

बालाघाट। केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा ने देश के कोने-कोने में भ्रमण किया है। संवाद शिविर तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के माध्यम से आमजन लाभान्वित हुये है। भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चिंता करती है गरीब कल्याण की योजनाओं का उसी के तहत क्रियान्वन किया जाता है। उक्ताशय की बातें बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने नगर पालिका परिषद बालाघाट कार्यालय प्रांगण में 17 जनवरी को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा संवाद एवं स्वास्थ्य शिविर के अवसर पर कही। इस दौरान पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर सहित पार्षदगण एवं बड़ी सं या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित थे। इस मौके पर लाभार्थियों से संवाद किया गया तथा वंचितों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया गया तथा योजनाओं के चिन्हित हितग्राहियों को हितलाभ की राशि के चेक प्रदान किये गये।

रेल सुविधाओं का होगा व्यापक विस्तार

इस अवसर पर सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करोड़ों गरीबों के जन-धन खातें खुलवाये और आज सीधे उनके खातों में मनरेगा मजदूरी सहित हितलाभ की राशि पहुंच रही है। उज्ज्वला योजना में महिलाओं को मु त में गैस कने शन दिया गया है। लाड़ली बहना योजना से बहनें आर्थिक रूप से सक्षम हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्र में पक्के निर्माण बनाये गये जबकि गरीबों के सिर पर छत दिलाने का काम प्रधानमंत्री ने इस योजना के माध्यम से किया है। शहरों में विकास कार्यों को गति देकर आधारभूत सुविधाओं के लिये प्लान तैयार है। उन्होंने कहा कि बालाघाट में रेल सुविधाओं का व्यापक विस्तार हो रायपुर कर्नेट टविटी ट्रेनों को चलाने की पूरी तैयारी है।

फोरलेन और ओवरब्रिज निर्माण से होगी प्रगति

विकसित भारत संकल्प यात्रा संवाद शिविर में पूर्व मंत्री एवं जिले के कद्दावर नेता गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि हमने बालाघाट जिले के चहुंमुखी विकास की दृष्टि से कार्य किया है, हमारी सरकार विकास कार्यों में राशि खर्च करने में कमी नहीं करती है इसका प्रमाण ओवरब्रिज, उच्चस्तरीय पुलिया तथा फोरलेन निर्माण को लेकर देखा जा सकता है। वर्तमान समय में फोरलेन का कार्य प्रगतिपथ पर है और जब यह बनकर तैयार होगा तो ना सिर्फ उपयुक्त मार्ग मिलेगा बल्कि प्रगति भी होगी। जागपुघाट पर उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण होना है, बालाघाट नगर में सरेखा, बावनथड़ी कॉलोनी गर्रा चौकी का ओवरब्रिज यह निर्माण भी चल रहे है निश्चित तौर पर लोगों को इससे आसानी होगी और ट्रॉफिक जाम की समस्या हमेशा के लिये दूर होगी। उन्होंने बताया कि बालाघाट नगरीय क्षेत्र में कायाकल्प अभियान के तहत नगरपालिका ने बेहतर कार्य किया है, मु यमंत्री विशेष निधि से हमने करोड़ों रूपये की राशि से विकास कार्य करवाया है, नगर के वार्डो का भी भरपूर ध्यान रखा है जिसमें नाला-नाली निर्माण, सड़कें तथा आवश्यकता के अनुरूप कार्य किये गये है, मैं दावे के साथ कह सकता है हूं कि भाजपा सरकार विकास के दृष्टिकोण से कहीं पीछे नहीं है।

इनकी रही उपस्थिति

नगरपालिका परिषद कार्यालय बालाघाट प्रांगण में 17 जनवरी को हुए विशेष कार्यक्रम में सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, दिलीप चौरसिया, संजय खडेलवाल, संजय पप्पू गौतम, सांसद प्रतिनिधि अरूण राहंगडाले, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर, नपाध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति मानक बर्वे,सुधीर चिले, योगिता विनय बोपचे, बीना वर्मा, जैनेन्द्र कटरे सहित पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी सं या में गणमान्य नागरिक एवं आमजनों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अन्त में सभापति सरिता केवल सोनेकर ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297